हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
18 नवंबर 2024, समय 1810

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में डी ए पी खाद की कोई कमी नहीं है। खाद की कमी को लेकर किसानों को बहकाया जारा है।
- भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री पराली जलाने से बढ़े प्रदूषण को लेकर किसानों के नाम पर राजनीति कर रही हैं।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में डेंगू की रोकथाम और इससे बचाव के लिए पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं।
- हरियाणा में आज राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लोगों को प्राकृतिक तरीकों से उपचार के बारे जागरूक किया गया।
- उत्तर भारत में पड़ रही धुंध के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हुआ और यातायात भी प्रभावित हुआ।

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में डी ए पी खाद की कोई कमी नहीं है। राज्य में डीएपी का पर्याप्त भण्डार उपलब्ध है।मुख्यमंत्री आज हरियाणा विधानसभा में डी ए पी के संबंध में लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर बोल रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में किस प्राथमिक कृषि ऋण समिति यानि पैक्स पर कितनी खाद उपलब्ध है, यह डाटा भी सरकार के पास है। यदि किसी सदस्य को जानकारी की आवश्यकता होगी, उन्हें यह जानकारी भी उपलब्ध हो जाएगी।उन्होंने कहा कि नवंबर माह के लिए 1,10,200 मीट्रिक टन डी ए पी का आवंटन हुआ है।एक सदस्य द्वारा सिरसा में डी ए पी की उपलब्धता के संबंध में किए गए सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला सिरसा में पहली अक्तूबर को डी ए पी का प्रारंभिक स्टॉक 1063 मीट्रिक टन उपलब्ध था और आज दिन 2 हजार 217 मीट्रिक टन डी ए पी उपलब्ध है।इसी प्रकार, जिला हिसार में आज भी 2087 मीट्रिक टन डीएपी का भंडार उपलब्ध है। हिसार में पिछले वर्ष से 216 मीट्रिक टन ज्यादा खाद दी जा चुकी है ।

मुख्यमंत्री ने दोहराया कि प्रदेश में डी ए पी खाद की किसी भी प्रकार से कोई कमी नहीं है। केवल खाद की कमी की अफवाहें फैलाई जा रही हैं और किसानों को बहकाया जा रहा है।

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री  नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में डी ए पी खाद की कोई कमी नहीं है। राज्य में डीएपी का पर्याप्त भण्डार उपलब्ध है।मुख्यमंत्री आज हरियाणा विधानसभा में डी ए पी के संबंध में लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर बोल रहे थे।मुख्यमंत्री  ने कहा कि प्रदेश में किस प्राथमिक कृषि ऋण समिति यानि पैक्स पर कितनी खाद उपलब्ध है, यह  डाटा भी सरकार के पास है। यदि किसी सदस्य को जानकारी की आवश्यकता होगी, उन्हें यह जानकारी भी उपलब्ध हो जाएगी।उन्होंने कहा कि नवंबर माह के लिए 1,10,200 मीट्रिक टन डी ए पी का आवंटन हुआ है।एक सदस्य द्वारा सिरसा में डी ए पी  की उपलब्धता के संबंध में किए गए सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला सिरसा में पहली अक्तूबर को डी ए पी का प्रारंभिक स्टॉक 1063 मीट्रिक टन उपलब्ध था और आज  दिन  2 हजार 217 मीट्रिक टन डी ए पी उपलब्ध है।इसी प्रकार, जिला हिसार में आज भी 2087 मीट्रिक टन डीएपी का भंडार उपलब्ध है। हिसार में पिछले वर्ष से 216 मीट्रिक टन ज्यादा खाद दी जा चुकी है ।मुख्यमंत्री ने दोहराया कि प्रदेश में डी ए पी खाद की किसी भी प्रकार से कोई कमी नहीं है। केवल खाद की कमी की अफवाहें फैलाई जा रही हैं और किसानों को बहकाया जा रहा है।

***************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में डेंगू की रोकथाम और इससे  बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग  पूरी तरह तैयार है और लगातार फॉगिंग करवाई जा रही है। मौसम में बदलाव को देखते हुए फॉगिंग को और तेज करने के निर्देश दे दिए गए हैं।मुख्यमंत्री आज हरियाणा विधानसभा में डेंगू के नियंत्रण के संबंध में लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर बोल रहे थे।श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार द्वारा आंकड़े न कभी छुपाए जाते हैं, न कभी छुपाए जाएंगे। डेंगू के नियंत्रण के लिए सरकार की ओर से पूरी व्यवस्था है। हर सप्ताह लगातार फॉगिंग की जा रही है। इसके अलावा, घरों में जाकर भी चैक किया जा रहा है कि गमलों, कूलरों इत्यादि में पानी इकठ्ठा न हो और मच्छर न पनपे।उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष डेंगू के 8,081

मामले थे जब कि जो  वर्ष घट कर 4,634 हो गए हैं।उन्होंने कहा कि  हर शहर, गली मोहल्ले में और पंचायतों को भी गांवों में फॉगिंग तेज करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।मुख्यमंत्री ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे घरों में ध्यान रखें और पानी एकत्र न होने दें। यदि कहीं पानी खड़ा हुआ दिखाई दे तो तुरंत सफाई करें, ताकि मच्छर पैदा न हो सकें।

*************************************************************************

हरियाणा में आज राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जींद में आयुष विभाग द्वारा नागरिक अस्पताल परिसर में प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया और  एक प्रदर्शनी भी लगाई गई।जिला आयुर्वेद अधिकारी अमित रोहिल्ला ने बताया कि यह दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को प्राकृतिक तरीकों से उपचार के बारे  में समुचित जानकारी देना है।

डॉ रणमिक ने बताया कि यह चिकित्सा पाँच तत्वों को संतुलित करने का काम करती है।

आयुष विभाग द्वारा पलवल नागरिक अस्पताल पलवल में राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में आहार ही औषधि है विषय पर प्रदर्शनी एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में जागरूक किया गया।जिला आयुष अधिकारी डॉ. संजीव कुमार तोमर ने बताया कि इस दिन को मनाने का मकसद, दवा रहित प्रणाली के ज़रिए सकारात्मक मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा  में हम प्राकृतिक तत्वों के साथ जुड़ कर शरीर को रोग मुक्त कर सकते है।

*************************************************************************

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार व भारत विकास परिषद की केशव शाखा के संयुक्त तत्वाधान में इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में "एक दवा निराली 15 सेकंड की ताली" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणवीर सिंह गंगवा ने बतौर मुख्य अतिथि  शिरकत की। कार्यक्रम में प्रख्यात प्रेरक अरुण ऋषि ने 15 सेकंड में स्वस्थ रहने के उपाय बताए।पत्रकारों से बातचीत में अरुण ऋषि ने बताया कि

15 सेकंड की ताली के रहस्य का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि 15 सेकंड की ताली बजाने,नहाते समय पैरों के तलवों को रगड़कर साफ करने और कम से कम दो बार वज्रासन मुद्रा में बैठने से इंसान बिल्कुल स्वस्थ रह सकता है ।

उन्होंने बताया कि हर इंसान को 15 से 20 मिनट तक हर रोज नंगे पैर चलना चाहिए जिससे कई बीमारियों से निजात मिलती है।लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणवीर सिंह मंगवा ने कहा कि आयुर्वेद हमारे ऋषि मुनियों की दी हुई पुरानी पद्धति है।

***************************************************************************

उत्तर भारत में पड़ रहे धुंध के कारण जन जीवन असत व्यस्त है।कोहरे और [illegible] के कारण आज  रेल यातायात बुरी तरह से प्रभावित रहा।

आज अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर अनेक  रेल गाड़ियां अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची ।जिसके कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर नेता जी एक्सप्रेस 7 घंटे,आगरा छावनी से होशियारपुर जाने वाली होशियारपुर एक्सप्रेस 5 घंटे  और ऊंचाहार एक्सप्रेस 4 घंटे 30 मिनट  देरी से पहुंची।

उधर आज कैथल में घने कोहरे  के कारण सुबह हिसार-चंडीगढ़ मुख्य मार्ग पर गांव कैलरम के पास एक  ट्रक सहित 8 वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में एक कार में आग भी लग गई और वह मौके पर ही पूरी तरह से जल गई। हालांकि कार में बैठे दोनों व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।